आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नई दिल्ली में करेंगे विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत।
- केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा देश में हुई दो हजार चौदह–पन्द्रह से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि ।
- उप–राज्यपाल ने दी अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के नागरिकों को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं।
- पर्यटन और कृषि विभाग मिलकर करेंगे श्री विजयपुरम में पर्यावरण पर विशेष कार्यक्रम।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम पहल के अंतर्गत बरगद का पौधा लगाएंगे। यह अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का एक हिस्सा होगा, जिसका उद्देश्य सात सौ किलोमीटर की अरावली श्रृंखला का फिर से वनीकरण है। परियोजना का उद्देश्य चार राज्यों दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के उनतीस जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास के पांच किलोमीटर क्षेत्र को हरा–भरा बनाना और अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना है। इस परियोजना से क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता और जलवायु लचीलापन भी सुधार होगा, साथ ही, स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय सृजन के अवसर भी बढ़ेंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में दो हजार चौदह–पन्द्रह से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि देश के कुल कृषि उत्पादन में चालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कृषि मंत्री ने यह बात नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय सौर ऊर्जा महासंघ के राष्ट्रीय कृषि–नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में की। श्री चौहान ने दलहन और तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

<><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वीपसमूह के बच्चों के लिए पठन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम आज सुबह दस बजे मिडिल प्वाइंट स्थित राज्य पुस्तकालय में आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता तीन स्तरों पर आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पढ़ने के प्रति प्रेम और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना है। पर्यावरण विषयों के बारे में पढ़ने से व्यवहार और जीवन शैली में परिवर्तन आता है और जटिल विषयों की गहरी समझ होती है।

<><><><><><>

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप विद्युत विभाग कैपेक्स मोड के तहत द्वीपसमूह में नौ सौ सत्रह सरकारी भवनों में 3.45 मेगावाट ग्रिड कनेक्टेड रूफ–टॉप सोलार प्लांट लगाने की प्रक्रिया में हैं। एन वी वी एन को रूफ टॉप सोलार प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए एम एन आर ई द्वारा आवंटित किया गया है।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, कृषि विभाग और मत्स्य पालन विभाग की ओर से कैम्पबेल बे के शास्त्री नगर में कल एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के डॉ. अक्षय ने किसानों को सब्सिडी योजना से संबंधित जानकारी दी। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए।

<><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस पर अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के नागरिकों को माननीय उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह दिन पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है, जो हम सभी को जीवित रखती है। इस वर्ष का विषय वैश्विक प्लास्टिक जहर को समाप्त करना और प्रदूषण को हराओ है। प्लास्टिक की खपत को कम करने, अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं में सुधार करने की तत्काल आवश्यकता है। प्लास्टिक प्रदूषण हमारे महासागरों, वन्य जीवों और मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। इस चुनौती से निपटने के लिए नागरिकों, समुदायों और सरकारों की ओर से एकजुट और निरंतर प्रयास की आवश्यकता है।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग और केन्द्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान आज कृषि पर्यटन पर केन्द्रित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा हैं। इस कार्यक्रम में सुबह सात बजे से नौ बजे तक सीपीघाट में कृषि वॉक (द्वीप एग्रो इको वॉक) शामिल है। यह मॉडल पर्यटकों को आकर्षित करेगा। इसके बाद एक व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जो सुबह दस बजे डॉ. टी आर दत्ता कांफ्रेंस हॉल भातुबस्ती में आयोजित होगी। इसमें जाने–माने वैज्ञानिक द्वीपसमूह के दुर्लभ और जंगली स्वदेशी फूल–फल और औषधीय पौधे जैसे विषयों पर व्याख्यान देंगे।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय द्वारा यूटी योजना, मछली पकड़ने वाली नौकाओं का निर्माण और खरीद के तहत द्वीपसमूह के नगरपालिका और जनजातीय क्षेत्रों के निवासियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तीस जून है। यूटी प्लान के आवेदन पत्र और संबंधित दिशा–निर्देश क्षेत्रीय मत्स्य पालन कार्यालयों और निकटतम उप–स्टेशनों से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसकी जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

एस ए आई, एस टी सी पांच से सात जून तक उत्तरी और मध्य अंडमान में दस से चौदह वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल आयोजित करेगा, जिससे कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग के खेलों में खिलाड़ियों को आवासीय योजना में शामिल किया जा सके। दस से चौदह वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी चयन ट्रायल के पात्र हैं। इस योजना के तहत प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे निशुल्क आवास, निशुल्क भोजन, खेल किट, प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर, शैक्षिक व्यय, चिकित्सा एवं बीमा आदि शामिल हैं। ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी आज सुबह नौ बजे मायाबंदर स्टेडियम में मूल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल प्रमाणपत्र और चार पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

आम उपभोक्तओं और सरकारी विभागों को सूचित किया जाता है कि ए पी डब्लू डी द्वारा आनंद पैराडाइज होटल के सामने पाइप लाइन ट्रेचिंग करते समय भूमिगत बिजली केबल को अलग करने के संबंध में छः जून को सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक डॉलीगंज और पहाड़गांव के कुछ हिस्से आई सी एम आर कॉलोनी, स्कूल लाईन और लंबा लाईन में जल उपचार क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

<><><><><><><>

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र योजना के अंतर्गत पचास हजार रूपये हर महीने पारिश्रमिक पर संविदा के आधार पर राज्य समन्वयक (स्टेट कॉर्डिनेटर) के पद भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यार्थी निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन पत्र दस्तावेजों और शैक्षणिक योग्यता और अनुभवों की फोटोकॉपी के साथ चौबीस जून तक समाज कल्याण निदेशालय में जमा करा दें।

<><><><><><><>

विधिक शिक्षा सोसाइटी द्वारा स्थापित अंडमान लॉ कॉलेज द्वारा वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए बी ए एल एल बी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्रता मानदंड और अन्य प्रवेश विवरण ई–प्रोस्पेक्टस में उपलब्ध है, जिसे कॉलेजों के लिए कॉमन ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर डाउनलोड किया जा सकता है। पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि पांच जुलाई है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप–राज्यपाल द्वारा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह पुलिस की पांच एल ओ पी पर सौर ऊर्जा सुविधा के उद्घाटन के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। द्वीपसमूह में खरीफ पूर्व अभियान विकसित कृषि संकल्प अभियान के क्रियान्वयन के समाचार को द्वीप समाचार ने अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक की ओर से जारी स्पष्टीकरण के समाचार को प्रमुखता से अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>